కాజీపేట : దేశ రక్షణ కోసం ప్రాణాలర్పించిన వీరులను స్మరించుకోవడం ప్రతి ఒక్కరి సామాజిక బాధ్యత అని నిట్ డైరెక్టర్ ఆర్‌వీ చలం అన్నారు. నెహ్రూ యువజన కేంద్రం ఆధ్వర్యంలో ఆదివారం కాజీపేటలోని నిట్ కళాశాల ఆడిటోరియంలో ఏర్పాటు చేసిన తిరంగ్ యాత్ర యాద్ కరో కుర్బాని అనే కార్యక్రమానికి ఆయన ముఖ్యఅతిథిగా హాజరై మాట్లాడారు. 70వ స్వాతంత్ర్య దినోత్సవం సందర్భంగా దేశ రక్షణ కోసం ప్రాణాలర్పించిన వీరులను స్మరించుకుని వారి కుటుంబీకులకు నెహ్రూ యువజన కేంద్రం ఆధ్వర్యంలో సన్మానం చేయడం అభినందనీయమని తెలిపారు. తొలుత 1971లో భారత్-పాక్ యుద్ధంలో కాలును కోల్పోయిన జి కృష్ణారెడ్డి జాతీయ పతకాన్ని ఎగురవేశారు. కరీమాబాద్‌కు చెందిన మేడిశెట్టి సతీష్ కార్గిల్ యుద్ధంలో మరణించగా ఆయన తల్లి సుజాతను ఘనంగా సత్కరించారు. కాజీపేట సిద్ధార్థ నగర్‌కు చెందిన జి కృష్ణారెడ్డి తోపాటు సామాజిక వేత్త గుజ్జుల నర్సయ్యను ఘనంగా సన్మానించారు. ఈ సందర్భంగా నెహ్రూ యువజన కేంద్రం సమన్వయ కర్త మనోరంజన్ మాట్లాడుతూ నేటి యువతలో దేశ భక్తిని పెంపొందించేందుకు దేశ రక్షణ కోసం అసువులు బాసిన వీరుల త్యాగ ఫలితాలపై అవగాహన కల్పించాలని సూచించారు. ఈ కార్యక్రమంలో ఎన్‌సీసీ కెప్టెన్ నరేంద్ర, నిట్ స్టూడెంట్ డీన్ రమణారెడ్డి తదితరులు పాల్గొన్నారు. అనంతరం ఏర్పాటు చేసిన సాంస్కృతిక కార్యక్రమాలు పలువురిని విశేషంగా ఆకట్టుకున్నాయి. త్రివర్ణపతాకాన్ని చేబూని భారీ ర్యాలీ నిర్వహించారు.



గ్రహీతలను సన్మానిస్తున్న చలం, తదితరులు

## Uttar Pradesh

इलाहाबाद, 15 अगस्त 2016 दैनिक जागरण 17

जासं, इलाहाबाद : स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर शहीद चंद्रशेखर आजाद पार्क में सेना की ओर से बैंड स्टैंड का आयोजन हुआ। इसको लेकर शहीद स्थल को सजाया गया था। रविवार की शाम शहीद चंद्रशेखर आजाद प्रतिमा स्थल को रंगबिरंगी लाइटों से सजाया गया था। यहां पर हर शनिवार और रविवार को बैंड स्टैंड का आयोजन किया जा रहा है। लेकिन स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या होने के कारण आज विशेष कार्यक्रम था। इस दौरान सेना के 100 पाइपर्स तथा ब्रासबैंड की ओर से कदम-कदम बढ़ाए जा, देशों का सरताज भारत, डाल-डाल पर सोने की चिड़िया, सारे जहां से अच्छा, वंदे मातरम्, क्वीन ऑफ हिल, कैसा सुन्दर और बहादुर, दे शिवा वर मोहे तथा दिल दिया है जान भी देंगे की धुन प्रस्तुत की। कार्यक्रम में हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस दिलीप बाबा साहेब भोसले, कमिश्नर राजन शुक्ला, डीएम संजय कुमार, मेजर जनरल असीम कोहली आदि सहित भारी संख्या में शहर के नागरिक मौजूद थे।



नेहरू युवा केंद्र की ओर से चंद्रशेखर आजाद पार्क से निकाली गई रैली।





w.jagran.com इलाहाबाद, 15 अगस्त 2016 दैनिक जागरण | 15 राष्ट्रीय जागरण

70 वें स्वतंत्रता दिवस खास

# तिरंगे का अपमान रोकने को कहा



**नेहरू युवा केंद्र की ओर से चंद्रशेखर आजाद पार्क से निकाली गई रैली।**

**नई दिल्ली :** केंद्र सरकार ने राष्ट्रध्वज का अपमान रोकने के लिए सख्त रुख अपनाया है। उसने राज्यों से तिरंगे का सम्मान सुनिश्चित करने और प्लास्टिक के तिरंगा झंडा पर रोक लगाने को कहा है। साथ ही इसका उल्लंघन करने वालों पर कानून के तहत कार्रवाई करने को कहा है जिसमें तीन साल तक जेल का प्रावधान है। गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को इस संबंध में एडवाइजरी जारी किया है। इसमें कहा है कि उसे सूचना मिली है कि राष्ट्रध्वज बनाने के लिए कागज की जगह प्लास्टिक इस्तेमाल किए जा रहे हैं। एडवाइजरी में कहा गया है, 'प्लास्टिक के झंडे कागज के झंडे की तरह स्वाभाविक तौर पर नष्ट होने वाले (बायोडिग्रेडेबल) नहीं है। इन्हें गलने में लंबा समय लगता है। इस तरह प्लास्टिक से बने झंडे का सम्मान के साथ उचित तरीके से निपटान करने में समस्या होती है।' राज्यों से राष्ट्रीय, सांस्कृतिक और स्पोर्ट्स के आयोजनों के दौरान केवल कागज के तिरंगा झंडे का प्रयोग सुनिश्चित करने को कहा गया है। साथ ही आयोजन के बाद झंडे को जमीन पर नहीं फेंकने का निर्देश भी दिया गया है।

**राष्ट्रध्वज व राष्ट्रगान का ऐसे करें सम्मान :** राष्ट्रगान हो या राष्ट्रीय ध्वज, दोनों ही देश की अस्मिता और प्रतिष्ठा से जुड़े हुए हैं। कहीं से भी इनका अपमान न हो, इसके लिए जरूरी है कि राष्ट्रगान व राष्ट्रध्वज से संबंधित नियमों और अन्य जरूरी बातों को जान लें।

**राष्ट्रगान : राष्ट्रगान के लिए ये हैं नियम**

–राष्ट्रगान को तोड़-मरोड़कर नहीं गाया जा सकता। न ही इसकी पैरोडी बनाई जा सकती है।

– अगर कोई शख्स राष्ट्रगान गाने से रोके या किसी समूह को इसे गाने के दौरान डिस्टर्ब करे तो उसके खिलाफ प्रिवेंशन ऑफ इन्सल्ट टु नेशनल ऑनर एक्ट-1971 की धारा-3 के तहत कार्रवाई की जा सकती है। ऐसे मामलों में अधिकतम तीन साल की कैद का प्रावधान है।

–प्रिवेंशन ऑफ इन्सल्ट टु नेशनल ऑनर एक्ट-1971 का दोबारा उल्लंघन का अगर कोई दोषी पाया जाए तो उसे कम-से-कम एक साल कैद की सजा का प्रावधान है।

–1975 से पहले, फिल्म के बाद राष्ट्रगान को गाने की परंपरा थी। वहां पर लोगों द्वारा इसको उचित सम्मान न देने पर इस पर रोक लगा दी गई।

**राष्ट्रीय ध्वज :** आजादी से ठीक पहले 22 जुलाई, 1947 को तिरंगे को राष्ट्रीय ध्वज के रूप में स्वीकार किया गया। तिरंगे के निर्माण, उसके साइज और रंग आदि तय हैं। राष्ट्रीय ध्वज यानि तिरंगे से संबंधित नियमों की शायद ज्यादा जानकारी नहीं है, हमें। इसलिए अक्सर गलतियां अकसर होती रहती हैं। तिरंगे के लिए क्या है नियम, जानें

**तिरंगा फहराने के कायदे-कानून :** रात को तिरंगा नहीं उतारे जाने को प्रिवेंशन ऑफ इन्सल्ट टु नेशनल ऑनर एक्ट 1971 का उल्लंघन नहीं माना जा सकता यानि अगर कोई रात को तिरंगा उतारकर नहीं रखता है तो वह कोई नियम नहीं तोड़ रहा है।

–फ्लैग कोड ऑफ इंडिया के तहत झंडे को कभी भी जमीन पर नहीं रखा जाना चाहिए।

–उसे कभी पानी में नहीं डुबोया जाएगा और किसी भी तरह नुकसान नहीं पहुंचाया जाएगा।

–अगर कोई शख्स झंडे को किसी के आगे झुका देता हो, उसे कपड़ा बना देता हो, मूर्ति में लपेट देता हो या फिर किसी मृत व्यक्ति (शहीद हुए आर्म्ड फोर्सेज के जवानों के अलावा) के शव पर डालता हो, तो इसे तिरंगे का अपमान माना जाएगा।

–तिरंगे की यूनिफॉर्म बनाकर पहन लेना भी गलत है।

–अगर कोई शख्स कमर के नीचे तिरंगा बनाकर कोई कपड़ा पहनता हो तो यह भी अपमान की श्रेणी में होगा।

–तिरंगे को अंडरगार्मेंट्स, रुमाल या कुशन आदि बनाकर भी इस्तेमाल नहीं किया जा सकता।

**झंडारोहण के नियम :** फ्लैग कोड में संशोधन के बाद अब आम नागरिक किसी भी वक्त किसी भी दिन झंडा फहराने के लिए स्वतंत्र हैं लेकिन वह फ्लैग कोड का पालन करेगा।

**ये है हमारा राष्ट्रीय ध्वज :** भारत का राष्ट्रीय ध्वज एक राष्ट्रीय प्रतीक है जिसे क्षैतिज आयताकार में बनाया गया है। इसे तीन रंगों की मदद से सजाया गया है जिसमें गहरा केसरिया (सबसे ऊपर), सफेद (बीच में) और हरा (सबसे नीचे)। सफेद रंग के बीचों-बीच एक नीले रंग का अशोक चक्र (अर्थात कानून का चक्र) बना हुआ है इसमें 24 तीलियां हैं। 22 जुलाई 1947 को भारत के संविधान सभा ने राष्ट्रीय ध्वज के वर्तमान स्वरूप को स्वीकार किया था। इसके निर्माण और डिजाइन के लिये भारतीय स्टैन्डर्ड ब्यूरो जिम्मेदार होता है। खादी विकास एवं ग्रामीण उद्योग कमीशन को इसके निर्माण का अधिकार है।

**भारतीय तिरंगे का अर्थ और महत्व :** तीन रंगों में होने की वजह से भारतीय ध्वज को तिरंगा भी कहते हैं। खादी के कपड़े, बीच में चक्र और तीन रंगों का इस्तेमाल कर भारतीय ध्वज को क्षितिज के समांतर दिशा में डिजाइन किया गया है। इसके रंग और महत्व निम्न हैं

**केसरिया रंग :** राष्ट्रीय ध्वज का सबसे ऊपरी भाग केसरिया रंग है, जो बलिदान का प्रतीक है। राष्ट्र के प्रति हिम्मत और निस्वार्थ भावना को दिखाता है। ये बेहद आम और हिन्दू, बौद्ध और जैन धर्मों के लिए धार्मिक महत्व का रंग है।

**सफेद रंग :** बीच का भाग सफेद रंग से डिजाइन किया गया है जो शुद्धता और ईमानदारी को प्रदर्शित करता है। भारतीय दर्शन शास्त्र के मुता[illegible] सफेद रंग स्वच्छता और ज्ञान को भी दर्शाता है।

**हरा रंग :** तिरंगे के सबसे निचले भाग में हरा रंग है जो वि[illegible] उर्वरता, खुशहाली, समृद्धि और प्रगति को इंगित करता है। भारतीय दर्शन के अनुसार, हरा रंग उत्सवी और दृढ़ता का रंग है जो जीवन और खु[illegible] दिखाता है।

डेली न्यूज़
इलाहाबाद, सोमवार, 15 अगस्त 2016 7

## तिरंगा यात्रा निकाल भरा जोश

इलाहाबाद। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर नेहरू युवा केन्द्र इलाहाबाद एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा अमर शहीद चन्द्रशेखर आजाद पार्क से सीमैट इलाहाबाद तक तिरंगा यात्रा (याद करो कुर्बानी) का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी नगर डॉ. विपिन कुमार ने अमर शहीद चन्द्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। राष्ट्र ध्वज के ध्वजारोहण व राष्ट्रगान के बाद यात्रा को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

दिनेश प्रताप सिंह ने देश के वीर सपूतों को याद किया। प्रो. राजेन्द्र प्रसाद तिवारी ने स्वतंत्रता संग्राम में महती भूमिका निभाने वाले वीरों को याद किया। एडीसी के प्रो. जगदीश्वर द्विवेदी ने कहा कि हमारे जनपद में अनेक शहीदों की कुर्बानी के गवाह मौजूद हैं जिसमें चौक स्थित नीम का पेड़ मुख्य है। आर्य कन्या डिग्री कालेज के एसोसिएट प्रो. डॉ. रमा सिंह ने तिरंगे के तीन रंगों की इतिहास पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन ओम प्रकाश मिश्रा ने किया। दिनेश मणि ओझा ने

दैनिक जागरण
विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार
वर्ष 3 अंक 346
पृष्ठ 28
इलाहाबाद, सोमवार
15 अगस्त 2016
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 4.00
आओ मिलकर करें राष्ट्र आराधन

जासं, इलाहाबाद : स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर शहीद चंद्रशेखर आजाद पार्क में सेना की ओर से बैंड स्टैंड का आयोजन हुआ। इसको लेकर शहीद स्थल को सजाया गया था। रविवार की शाम शहीद चंद्रशेखर आजाद प्रतिमा स्थल को रंगबिरंगी लाइटों से सजाया गया था। यहां पर हर शनिवार और रविवार को बैंड स्टैंड का आयोजन किया जा रहा है। लेकिन स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या होने के कारण आज विशेष कार्यक्रम था। इस दौरान सेना के 100 पाइपर्स तथा ब्रासबैंड की ओर से कदम-कदम बढ़ाए जा, देशों का सरताज भारत, डाल-डाल पर सोने की चिड़िया, सारे जहां से अच्छा, वंदे मातरम्, क्वीन ऑफ हिल, कैसा सुन्दर और बहादुर, दे शिवा वर मोहे तथा दिल दिया है जान भी देंगे की धुन प्रस्तुत की। कार्यक्रम में हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस दिलीप बाबा साहेब भोसले, कमिश्नर राजन शुक्ला, डीएम संजय कुमार, मेजर जनरल असीम कोहली आदि सहित भारी संख्या में शहर के नागरिक मौजूद थे।



नेहरू युवा केंद्र की ओर से चंद्रशेखर आजाद पार्क से निकाली गई रैली।



नेहरू युवा केंद्र की ओर से चंद्रशेखर आजाद पार्क से निकाली गई रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करते।

हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया

पेज न 2

सोमवार, 15 अगस्त 2016, कानपुर, पांच प्रदेश, 18 संस्करण, झांसी-ललितपुर संस्करण | www.livehindustan.com

# 1857 के स्वतंत्रता संग्राम की जुड़ी यादों को किया ताजा

पेज न 2

झांसी | निज संवाददाता

राजकीय संग्रहालय की शैक्षिक प्रसार योजना के अन्तर्गत स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में स्वतंत्रता संग्राम पर केन्द्रित अभिलेख और चित्र प्रदर्शनी आयोजित की। दो दिवसीय प्रदर्शनी का उद्घाटन स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सत्यदेव तिवारी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान 1857 के स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े कई चित्रों को गैलरी में सजाया। जिसे देखने के लिए कई लोग पहुंचे।

स्वतंत्रता संग्राम पर केन्द्रित अभिलेख एवं चित्र प्रदर्शन का आयोजन किया गया। जिसमें कवयित्री सुभद्रा कुमारी चौहान की कविताओं को चित्रों के जरिए प्रदर्शित किया गया। इसमें रानी झांसी का निमंत्रण पत्र और रानी के द्वारा अपने साथियों को लिखे स्वतंत्रता संग्राम की रणनीति के पत्रों को भी प्रदर्शित किया गया। इस दौरान सभी की निगाहें रानी के निमंत्रण पत्र और सुभद्रा चौहान की कविताओं के चित्रों पर टिकी रहीं। प्रदर्शनी में मोहन नेपाली, भानु प्रताप सिंह राजा टोड़ी ने विशेष सहयोग दिया। इस दौरान बन्नू लाल गौतम, अतुल द्विवेदी, हरगोविन्द कुशवाहा, नीति शास्त्री, प्रगति शर्मा, डा सुरेश दुबे, राकेश चरण वर्मा, ब्रजमोहन मिश्रा के अलावा साहित्यकार व छात्र छात्राएं मौजूद रहीं।



संग्रहालय में चित्र प्रदर्शनी का दीप प्रज्ज्वलित करते सत्यदेव तिवारी। • हिन्दुस्तान

-

2 झाँसी, सोमवार 15 अगस्त 2016 राष्ट्रबोध

# याद करो कुर्बानी पर निकाली कैण्डल मार्च तिरंगा यात्रा

झाँसी। नेहरू युवा केन्द्र झाँसी युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आजादी के सत्तर सालू पेर होने पर "याद करो कुर्बानी" कार्यक्रम के अन्तर्गत तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा का आरम्भ किले के सामने मैदान से हुआ। जहां पर सर्वप्रथम राष्ट्रीय ध्वज से सजे रथ पर राष्ट्रीय गीत की धुन पर राष्ट्रीय गीत की धुन पर राष्ट्रीय गान किया गया। झाँसी जनपर के विभिन्न ग्रामीण अचलों से आये युवा मण्डलों युवती मण्डलों एनएसएस, एनसीसी के कैडेट ने भारत माता की जय घोष से यात्रा को आरम्भ कियाद्ध जिलाधिकारी एनसीसी के कैडेट ने भारत माता की जय घोष से यात्रा को आरम्भ किया। जिलाधिकारी अजय कुमार शुल्क ने यात्रा को हरी झण्डी दिखाकर यात्रा के आरम्भ होने का संदेश दिया। इसके पूर्व नेहरू युवा केन्द्र के समन्वयक अतुल, द्विवेदी ने नगर विधायक रवि शर्मा, डीएम एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों को राष्ट्रीय ध्वज का बैच लगाकर स्वागत किया। स्वतंत्रता सेनानी सत्यदेव तिवारी ने तिरंगा समर्पित कर, प्रदीप सरावगी ने राष्ट्र ध्वज की संकल्ना, ध्वजारोहण की विधि विधान रंगों की महत्वता एवं राष्ट्रगान के प्रति सभी युवाओं के मन में सम्मान की भावना जागृत करने के महत्व पर प्रकाश डाला। संचालन अनिल भारती एवं अमित चिरवारिया ने किया।

झांसी | सोमवार | 15 अगस्त 2016

पेज 4

अमर उजाला अपना झांसी

# 'मेरा रंग दे बसंती चोला...' गीतों से किया भावुक

अमर उजाला ब्यूरो

## स्वतंत्रता दिवस

- विद्यार्थियों ने गाए देशभक्ति के नगमे, झूमे श्रोता
- राजकीय संग्रहालय में हुई सांस्कृतिक प्रतियोगिता
- ज्ञानस्थली पब्लिक स्कूल की टीम रही विजेता

झांसी। मेरा रंग दे बसंती चोला मां-ए-रंग दे..., दुल्हन चली हो पहन चली..., मेरे देश की धरती सोना उगले उगले हीरे मोती मेरे देश की धरती। ऐसे ही अनेक देशभक्ति से ओतप्रोत नगमे विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने राजकीय संग्रहालय में आयोजित सांस्कृतिक प्रतियोगिता में प्रस्तुत किए, जिन्हें सुनकर श्रोता जमकर झूमे। प्रतियोगिता में ज्ञानस्थली पब्लिक स्कूल की टीम विजेता रही।

माध्यमिक शिक्षा विभाग एवं नेहरू युवा केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को राजकीय संग्रहालय में आयोजित सांस्कृतिक प्रतियोगिता में छह विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न राज्यों के रंग बिरंगे परंपरागत परिधानों में देशभक्ति गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में लोकमान्य तिलक कन्या इंटर कालेज की छात्राओं ने वंदेमातरम पर नृत्य प्रस्तुत किया। पं. कृष्ण चंद्र शर्मा कन्या इंटर कालेज की छात्राओं ने दुल्हन चली हो पहन चली, तीन रंगों की चोली गीत पर अपनी प्रस्तुति दी। अन्य विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने लावणी नृत्य, राजस्थानी नृत्य तथा अन्य राज्यों की नृत्य कला को पेश किया। ज्ञानस्थली पब्लिक इंटर कालेज को पहला, पं. कृष्ण चंद्र शर्मा कन्या इंटर कालेज को दूसरा और लोकमान्य तिलक कन्या इंटर कालेज को तीसरा स्थान मिला।



राजकीय संग्रहालय में कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे।

कार्यक्रम में स्वतंत्रता सेनानी सत्यदेव तिवारी का सम्मान किया। इस मौके पर स्वतंत्रता सेनानी ने कहा कि देश की प्रगति युवाओं के हाथों में है और वह आगे आए। निर्णायकों में हरगोविंद कुशवाहा, नीति शास्त्री और रवि सक्सेना रहे। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक डा. नीरज पांडेय, उमा पाराशर, सुदर्शन शिवहरे, मोहन नेपाली, जेएस भोगल आदि मौजूद रहे।



02 हिन्दुस्तान
कानपुर • सोमवार • 15 अगस्त 2016

स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं

आवाज दो हम एक हैं

◆ महात्मा गांधी
विश्व के सभी धर्म, भले ही और चीजों में अंतर रखते हों लेकिन सभी इस बात पर एकमत हैं कि दुनिया में कुछ नहीं बस सत्य जीवित रहता है।

झांसी पेज-2

सांस्कृतिक कार्यक्रम


झांसी के हृदय स्थल इलाईट चौराहे के गोलम्बर को लाइट की झालरों से सजा दिया गया है। रविवार शाम तीन रंग की झालर अलग ही समा बांधती दिखी। • हिन्दुस्तान

राजकीय संग्रहालय में स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर स्कूली बच्चे कार्यक्रम प्रस्तुतियों की तैयारियां करते हुए। सोमवार को जगह होने वाले आयोजनों में देशभक्ति गीत और नाटकों का प्रस्तुतीकरण किया जाएगा। • हिन्दुस्तान

पं. दीन दयाल सभागार में स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों में सजा द्वार। रविवार को कार्यकर्ता साज-सज्जा में लगे रहे। • हिन्दुस्तान

# स्वतंत्रता संग्राम सेनानी फहराएंगे किले पर तिरंगा

अंग्रेजों से आजाद हुए भारत को छह दशक से ज्यादा का वक्त बीत चुका है और आज स्वतंत्रता दिवस पर उसी वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई के किले की प्राचीर पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सत्यदेव तिवारी तिरंगा सुबह 9 बजे फहराएंगे। जहां से कभी अंग्रेजों के छक्के छुड़ाने रानी की सेना और तोपची गुलाम गौस खां गोले दागते थे। 69 साल में काफी कुछ बदल गया। लेकिन किले की प्राचीर आज भी रोशन होने के लिए अंधेरे का इंतजार कर रही है। चौराहे आजादी का जश्न मनाने सजने लगे। बिजली की चमचम रोशनी और तिरंगे की झंडियां इनसे सराबोर है। वहीं स्कूलों में बच्चे तरह -तरह की वेषभूषाओं में सजे आज के कार्यक्रम की रिहर्सल में लगे रहे। शोरूम, होटल और पं दीनदयाल सभागार को भी सजाने की तैयारियां पूरी कर ली गई है। वहीं राजकीय संग्रहालय में 1857 के स्वतंत्रता संग्राम पर केन्द्रित दो दिवसीय दुर्लभ अभिलेख चित्र प्रदर्शनी लगाई गई।



रानी दुर्ग पर लहराता तिरंगा। यहां आज सुबह स्वतंत्रता संग्राम सेनानी झंडा रोहण करेंगे।

झांसी | हिन्दुस्तान संवाद

जश्न-ए-आजादी, शान से मनाने को बुन्देले तैयार हैं। रानी की नगरी झांसी सज-संवर गई है। सोमवार जोश के साथ तिरंगा फहराया जाएगा। बाजारों में इतवार तिरंगा खूब बिका तो तिरंगे का टैटू बनवाने के लिए नौजवान उतावले नजर आए। सरकारी, अर्द्धसरकारी दफ्तर, विद्यालयों में झण्डारोह के बाद सांस्कृतिक, रंगारंग कार्यक्रम होंगे। इसको फाइनल टच दिया गया। 70वें स्वतंत्रता दिवस पर कोई अप्रिय घटना न हो, इसके लिए प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम किए।

सोमवार शहर स्वतंत्रता की 70वीं वर्षगांठ की जद में होगा। जगह-जगह राष्ट्रगान और देशभक्ति तरानें गूंजेंगे। शान से तिरंगा फहराने के लिए सरकारी सहित अर्द्धसरकारी संस्थाओं, विद्यालय, स्कूल और कालेजों में मंथन हुआ। फिर तैयारियों का अंतिम रूप दिया गया। शहर के प्ले-सेंटर से लेकर कालेजों तक बच्चों ने पहले ही खूब रिहर्सल की। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर इतवार आन-बान और शान से लहराने वाला तिरंगा खूब बिका। कई जगह फेरियों में तिरंगा नजर आया तो बाजारों में बच्चों ने जाकर तिरंगा खरीदा।

**लोग दिखे उतावले :** शहर के सदर, सीपरी, बड़ाबाजार, नगरा, नैनागढ़ सहित अन्य जगह लगने वालों बाजारों में तिरंगे की खूब खरीददारी हुई। वहीं हाथ, गाल और माथे पर तिरंगा बनवाने वाले भी खासे उतावले नजर आए। किसी ने हाथ पर तिरंगा बनवाया तो कोई गालों पर तिरंगा का टैटू बनवाना नजर आया।

**होगा झण्डारोहण :** रेलवे स्टेशन, पुलिस लाइन, कमिश्नरी, नगर निगम, सेवा योजन कार्यालय, जिला अस्पताल, मेडिकल, विकास भवन, स्कूल, कालेजों सहित गैर सरकारी संस्थानों में झण्डारोहण के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए। कहीं सुबह आठ बजे झण्डा फहराया जाएगा तो कहीं 9 बजे का समय तय किया गया है। वहीं शहर के कई पार्कों और मोहल्लों में झण्डारोहण के लिए तैयारियां की गई।

**होंगे रंगारंग कार्यक्रम :** नगर के गांधी स्मारक स्कूल, प्याग प्ले सेंटर, संत मेरी स्कूल, निर्मला कॉनवेंट, कस्तूरबा इंटर कालेज, लोकमान्य तिलक इण्टर कालेज, एलबीएम, खालसा इण्टर कालेज, संत ज्यूड्स कालेज, सेंट मार्क्स, केन्द्रीय विद्यालय 1,2,3, जीआईसी इण्टर कालेज, बिपिन बिहारी इण्टर कालेज सहित शहर की सभी विद्यालय कालेजों में शान से जश्न-ए-आजादी की 70 वर्षगांठ मनाई जाएगी। यहां रंगारंग और सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।

**पुलिस का होगा पहरा :** जश्न-ए-आजादी की वर्षगांठ मनाने के लिए कहीं कोई अप्रिय घटना न हो इसको लेकर पुलिस प्रशासन खास मुस्तैद रहेगी।



रविवार को कार्यक्रम के दौरान अपने प्रतिभाग का इंतजार करते बच्चे। • हिन्दुस्तान

## गूंजे देश भक्ति के तराने भारत मां के लगे जयकारे

झांसी | हिन्दुस्तान संवाद

### आयोजन

- शिक्षा विभाग और नेहरू युवा केंद्र बैनर तले हुआ कार्यक्रम
- सांस्कृतिक कार्यक्रमों से बांधा बच्चों ने समां

जश्न-ए-आजादी की पूर्व संध्या पर इतवार खूब देश भक्ति तराने गूंजे। भारत माता के जयकारे लगाए गए। वंदेमातरम् की गूंज रही। इसका गवाह बना राजकीय संग्रहालय।

इतवार माध्यमिक शिक्षा विभाग, नेहरू युवा केन्द्र के बैनर तले बच्चों ने सांस्कृतिक, रंगारंग कार्यक्रम पेश किए। इस दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक डा. नीरज कुमार पाण्डेय मौजूद रहे। बच्चों की प्रस्तुति पर खूब तालियां बजीं। किसी ने गीत गुनगुनाया तो किसी ने नाटक पेश किया। विद्यालयों की टीमों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी। जिस पर लोगों ने उनका हौसला बढ़ाया। बतौर मुख्य अतिथि स्वाधीनता सेनानी सत्यदेव तिवारी ने सरस्वती मॉं के चित्र पर माल्यार्पण किया।

पहले, उन्होंने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिला विद्यालय निरीक्षक ने मुख्य अतिथि का खालसा इंटर कालेज के प्राचार्य जेएस भोगल ने उनका माल्यार्पण किया। अतिथियों ने महात्मा गांधी, सुभाष जी सहित देश भक्तों, क्रांतिकारियों के त्याग, बलिदान को याद किया। वक्ताओं ने विचार रखे। कार्यक्रम में ज्ञान स्थली पब्लिक इंअर कॉलेज प्रथम, कृष्णचंद्र शर्मा कन्या इंटर कॉलेज द्वितीय एवं लोकमान्य तिलक कन्या इंटर कॉलेज तृतीय रहे।

विजेता टीमें पुरस्कृत किए गए। निर्णायक की भूमिका हरगोविंद कुशवाहा, डा. नीति शास्त्री, रवि सक्सेना ने रहे। इस दौरान सुदर्शन शिवहरे, विमलेकुंअर, भगवानदास सहित अन्य मौजूद रहे। संचालन मोहन नेपाली ने किया। अंत में डा. नीरज पाण्डेय ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

-

15 अगस्त 2016

8
दैनिक जागरण
झाँसी, 15 अगस्त 2016
झाँसी जागरण

मदद के लिए तैयार हैं ये
पेयजल कण्ट्रोल रूम
जल निगम - 0510-2331724
जल संस्थान - 0510-2441462




झाँसी : तिरंगा यात्रा में शामिल युवतियां व देश भक्ति गीत पर नृत्य करती छात्राएं।

# स्वतन्त्रता दिवस की पूर्व संध्या पर गाए देशभक्ति तराने

- छात्र-छात्राओं ने किया भारत माता का यशोगान

झाँसी : स्वाधीनता दिवस की पूर्व संध्या पर माध्यमिक शिक्षा विभाग व नेहरू युवा केन्द्र के तत्वावधान में विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने देश भक्ति गीत पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। रंग-बिरंगे परिधान से सजे छात्र-छात्राओं ने मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों ने 'हे माँ, वन्देमातरम्, वन्देमातरम्, सुजलाम्, सुफलाम्, मातरम्', 'दुल्हन चली, पहन चली तीन रंग की चोली' आदि पर गीतों पर भावपूर्ण नृत्य प्रस्तुत किया।

इसके पहले मुख्य अतिथि स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी सत्यदेव तिवारी ने कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. नीरज कुमार पाण्डेय ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर निर्णायक हरगोविन्द कुशवाहा, डॉ. नीति शास्त्री व रवि सक्सेना रहीं। मोहन नेपाली ने संचालन व डॉ. उमा पाराशर ने आभार व्यक्त किया।

## आज़ादी की लड़ाई पर लगी चित्र प्रदर्शनी

राजकीय संग्रहालय की शैक्षिक प्रसार योजना के तहत स्वतन्त्रता दिवस की पूर्व संध्या पर स्वतन्त्रता संग्राम पर केन्द्रित अभिलेख व चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में पटना के कार्टूनिस्ट द्वारा सुभद्रा कुमारी चौहान की कविता को चित्रों के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। साथ ही अभिलेख में रानी झाँसी का निमन्त्रण पत्र, महारानी लक्ष्मीबाई द्वारा क्रान्ति की रणनीति बनाकर क्रियान्वयन के लिए अपने साथियों को लिखे पत्रों को प्रदर्शित किया गया। अतिथियों का स्वागत संयोजक राजकीय संग्रहालय की वीथिका सहायक डॉ. उमा पाराशर ने किया। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम प्रत्येक माह आयोजित किए जाएंगे। प्रदर्शनी में भानु प्रताप सिंह राजा टोड़ी फतेहपुर व मोहन नेपाली द्वारा संकलित पत्रों को प्रदर्शित किया गया। साथ ही मुरली मनोहर मन्दिर द्वारा सैनिक के वेश में लगाया गया रानी झाँसी का चित्र व अन्य चित्रों को भी प्रदर्शित किया गया है। प्रदर्शनी 15 अगस्त को भी दर्शकों व स्कूली बच्चों के लिए खुली रहेगी।

## तिरंगा यात्रा में युवाओं ने लिया उत्साह से हिस्सा

नेहरू युवा केन्द्र व खेल मन्त्रालय के संयुक्त तत्वावधान में आज़ादी के सत्तर साल पूरे होने पर 'याद करो कुर्बानी' कार्यक्रम के तहत तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। दुर्ग द्वार से राष्ट्रीय ध्वज से सजे रथ पर राष्ट्रीय गीत की धुन पर राष्ट्रीय गान किया गया। जनपद के विभिन्न ग्रामीण अंचलों से आये युवा मण्डल, युवती मण्डल, एनएसएस, एनसीसी कैडिट के साथ स्कूली बच्चों ने यात्रा में हिस्सा लिया। भारत माता की जयकारों के साथ यात्रा आगे बढ़ी। जिलाधिकारी अजय कुमार शुक्ला ने यात्रा को हरी झण्डी दिखायी। नेहरू युवा केन्द्र के केन्द्र समन्वयक अतुल द्विवेदी ने अतिथियों का राष्ट्रीय ध्वज का बैज लगाया। तिरंगा यात्रा के साथ मेयर किरन वर्मा ने रानी लक्ष्मीबाई पार्क में दीप जलाकर बलिदान को याद किया। इस दौरान स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी सत्यदेव तिवारी विशेष तौर पर उपस्थित रहे। संचालन अनिल भारती ने किया।

- टीम विवेकानन्द झाँसी ने खालसा स्कूल परिसर में रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर शहीदों को याद किया।
- बुन्देलखण्ड साहित्य गीत कला संस्थान के तत्वावधान में देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर मुन्ना मासूम, हरविन्द कुमार नीरज, अशोक कुमार, गौरी शंकर शास्त्री आदि ने गीत प्रस्तुत किए।
- ओजी प्रवक्ता मैमवान सिंह के संयोजन में 'हमारी आज़ादी का सही महत्व' विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गयी। 50 से अधिक छात्र-छात्राओं ने विचार प्रस्तुत किए।

## Uttrakhand

शुभकामनाएं

राष्ट्रीय सहारा

राष्ट्रीयता • कर्तव्य • समर्पण

देहरादून

सोमवार • 15 अगस्त • 2016

नगर संस्करण

### युवाओं ने राजधानी में निकाली तिरंगा यात्रा



-

सोमवार, 15 अगस्त 2016, देहरादून, पांच प्रदेश, 18 संस्करण

www.livehindustan.com

स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं

हिन्दुस्तान

तरक्की को चाहिए नया नजरिया

### छात्रों ने दिया भाईचारे का संदेश

देहरादून। विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने शहर में तिरंगा यात्रा निकालकर सद्भावना और भाईचारे का संदेश दिया।

नेहरू युवा केंद्र की ओर से आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक और संसदीय सचिव राजकुमार ने किया। परेड मैदान से विधायक ने तिरंगा यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिला युवा समन्वयक दिनेश उपाध्याय ने बताया कि तिरंगा यात्रा का कार्यक्रम देशभर में शुरू हो चुका है। तिरंगा यात्रा परेड मैदान से दर्शन लाल चौक होते हुए वापस परेड मैदान में समाप्त हुई। कार्यक्रम में विनोद मैठाणी, निर्मल खन्ना, विजय, उमा, मिल्की व कई स्कूलों के छात्र मौजूद रहे।

अमर उजाला देहरादून

देहरादून । सोमवार । 15 अगस्त 2016

17



तिरंगा यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते विधायक राजकुमार।

# तिरंगा यात्रा में गूंजे देशभक्ति के तराने

अमर उजाला ब्यूरो

देहरादून। स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में नेहरू युवा केंद्र देहरादून (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार) की ओर से रविवार को तिरंगा यात्रा निकाली गई। मुख्य अतिथि विधायक और संसदीय सचिव राजकुमार ने परेड ग्राउंड (पवेलियन) मैदान से यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यात्रा पवेलियन से दर्शन लाल चौक, घंटाघर, राजपुर रोड, एस्ले हाल, सुभाष रोड होते हुए वापस पवेलियन मैदान पहुंची। यात्रा में युवाओं ने शहीदों की याद में देशभक्ति के तराने गाए। विधायक राजकुमार ने कहा कि तिरंगा यात्रा से युवाओं में देशभक्ति की भावना विकसित होती है। उन्हें इस भावना के साथ राष्ट्र के पुनर्निर्माण और सुरक्षा के लिए आगे आना चाहिए। जिला युवा समन्वयक दिनेश उपाध्याय ने यात्रा में करीब 1200 युवाओं के शामिल होने का दावा किया। यात्रा में विनोद रैसेला, विजय कुमार, निर्मल खन्ना, विनय, सुरक्षा, उमा का सहयोग रहा।

## शहीदों की याद में तिरंगा यात्रा

देहरादून (ब्यूरो)। राजपुर रोड आशन स्थित दून विहार कालोनी में स्वतंत्रता दिवस के मौके पर रविवार को तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा श्री राधा कृष्ण मंदिर से शुरू होकर शहर के मुख्य मार्गों से होकर गुजरी। यात्रा में महिलाएं शहीदों के गौरवपूर्ण बलिदान गाथा के देशभक्ति गीत गाती चल रही थीं। क्षेत्रीय पार्षद दया जोशी, समिति अध्यक्ष अभिमन्यु कुमार, श्री राधा कृष्ण मंदिर के अध्यक्ष केडी शर्मा, पूर्व अध्यक्ष ओपी डिमरी, उपाध्यक्ष आरसी नौटियाल, महासचिव विजय शर्मा, आरपी सभरवाल, राजबाला सिरोही, निशा शर्मा आदि शामिल थे।

-

वर्ष 20 अंक 105
पृष्ठ 24
देहरादून, सोमवार
15 अगस्त 2016
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 3.00

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अख़बार

# दैनिक जागरण

आओ मिलकर करें राष्ट्र आराधन

www.jagran.com
उत्तराखंड • दिल्ली • उत्तर प्रदेश • मध्य प्रदेश • हरियाणा • बिहार • झारखंड • पंजा

## ड्रग्स को कहें ना, खुद को रखें फिट : हरीश रावत

- सीएम फॉर यूथ की ओर से आयोजित किया गया यूथ फेस्टिवल
- कहा, स्वस्थ रहने के लिए खेल से बेहतर कोई नहीं विकल्प

जागरण संवाददाता, देहरादून : मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि युवा को फिट रखने के लिए [illegible] और ड्रग्स को ना कहें। उन्होंने यह बात सीएम फॉर यूथ की ओर से [illegible] के मौके पर आयोजित यूथ फेस्टिवल में कही।

[illegible] को एस्लेहॉल चौक के पास आयोजित कार्यक्रम में [illegible] मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि [illegible] है। स्वस्थ रहने के लिए खेलकूद से बेहतर और कोई विकल्प नहीं हो सकता। कहा कि युवा खेलते रहें, मुस्कराते रहें [illegible]। उन्होंने युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति पर चिंता जताते हुए कहा कि नशे के खिलाफ जंग में सिपाही बनें। नशे को ना कहें और स्वस्थ जीवन को हां। इस दौरान उन्होंने खिलाड़ियों के साथ पंजा भी लड़ाया।

सीएम फॉर यूथ की ओर से आयोजित हुए फेस्टिवल में [illegible] से लेकर एस्लेहॉल चौक तक का नजारा युवा जोश से लबरेज रहा। सड़क पर ही हर तरफ खेल का माहौल दिखा। [illegible] बैडमिंटन खेलते युवा तो दूसरी तरफ [illegible] का प्रदर्शन [illegible] खुले आसमान के नीचे खेलों के साथ आजादी का जश्न मनाया गया। इसके साथ ही बाइकर्स ने बुलेट रैली और साइकिल रैली भी निकाली गई।



सीएम फॉर यूथ की ओर से आयोजित यूथ फेस्टिवल के दौरान तिरंगा लहराते स्कूली बच्चे।



नेहरू युवा केंद्र की आयोजित तिरंगा यात्रा में शामिल स्कूली छात्राएं।

### युवाओं ने निकाली तिरंगा यात्रा

नेहरू युवा केंद्र ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर युवाओं में देशभक्ति की भावना विकसित कर आपसी सौहार्द को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से तिरंगा यात्रा का आयोजन किया। परेड मैदान से मुख्य अतिथि [illegible] ने यात्रा का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने राष्ट्र निर्माण व सुरक्षा के लिए युवाओं को आगे आने का आह्वान किया। तिरंगा यात्रा परेड मैदान से [illegible] चौक, घंटाघर, गांधी पार्क, एस्लेहॉल चौक होते हुए परेड मैदान में संपन्न हुई। यात्रा में विभिन्न युवा मंडलों, युवा क्लबों व विभिन्न विद्यालयों के 12 सौ युवाओं ने प्रतिभाग किया। इस दौरान संगठन के जिला युवा समन्वयक [illegible], विनोद गैरोला, [illegible] कुमार, [illegible] आदि मौजूद रहे।

## Tripura


প্রতিবাদী কলম

তিরঙ্গা যাত্রা

-



দৈনিক সংবাদ



স্যন্দন পত্রিকা